प्रेस विज्ञप्ति

राज भवन, राँची

दिनांक : 20 फरवरी, 2025 :-

(1) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से आज कोयलांचल विस्थापित संघर्ष मोर्चा का एक शिष्टमंडल ने श्री वतन महतो के नेतृत्व में राज भवन में भेंट की और एक ज्ञापन समर्पित किया। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि वैदकारो मौजा (थाना संख्या-20, थाना-गांधीनगर) स्थित खुली जमीन पर सीसीएल कारो परियोजना को बिना ग्रामसभा की सहमति के स्वीकृति दी गई है। शिष्टमंडल ने इस परियोजना पर रोक लगाने हेतु माननीय राज्यपाल महोदय से आवश्यक पहल करने का अनुरोध किया।

---

(2) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से आज मचान उत्कर्ष फाउंडेशन का एक शिष्टमंडल ने राज भवन में भेंट की तथा राज्यपाल महोदय को मैथिली भाषा से संबंधित विभिन्न मांगों से अवगत कराया। उक्त अवसर पर राज्यपाल महोदय को उनके द्वारा मिथिला पंचाग एवं मधुबनी पेंटिंग भेंट की।